'ओडीओपी का आर्थिक विकास व रोजगार में महत्वपूर्ण योगदान'

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार रात ओडीओपी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना ने प्रदेश के आर्थिक विकास, रोजगार-स्वरोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राज्य के निर्यात को बढ़ाने में यह योजना सहायक सिद्ध हुई है। इस योजना के उत्पादों ने प्रदेश को वैश्विक मंच पर भी पहचान दिलाई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फार लोकल अभियान को आगे बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने रविवार रात उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि इस क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। अब तक किए गए प्रयासों को एक नई दिशा देने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद के खान-पान की अपनी विशिष्ट पहचान है। खान-पान की इस विशिष्ट पहचान को आगे बढ़ाया जाए, जिससे यह पर्यटकों को आकर्षित करे। प्रदेश में पर्यटन में वृद्धि से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। निर्यात में वृद्धि के लिए इस योजना से नए उद्यमियों को जोड़ा जाए और उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। ओडीओपी की उत्पादकता व बाजार पहुंच में तेजी लाई जाए। इसके लिए नई तकनीक का उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आनलाइन मार्केटिंग तेजी से बढ़ रही है। ओडीओपी योजना को और प्रभावी बनाने के लिए आनलाइन मार्केटिंग को बढ़ावा दिया जाए। ओडीओपी से जुड़े उद्यमियों को फैसिलिटेट करने व उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए विभिन्न जनपदों में कामन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) स्थापित किए गए हैं।

यह और उप्र की अन्य खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें